मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 10 अंक - 39 मुंबई, सोमवार, दिनांक 19 जून से 25 जून 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

# 150 करोड़ के घोटाले का आरोप

## मुश्किल में महाराष्ट्र के कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार



मुंबई लोकल में हुए यौन शोषण पर भड़का विपक्ष, सीएम शिंदे और देवेंद्र फडणवीस से पूछा ये तीखा सवाल

एक विज्ञापन के बाद महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के बीच दूरियों की अटकलें लगाई जाने लगी. पालघर में इस मामले पर शिंदे और फडणवीस दोनों ने सार्वजनिक तौर पर कहा है कि इसमें कोई बेईमानी नहीं है. हालांकि, पीछे के घटनाक्रम पर अभी भी बहस हो रही है. अब विपक्ष ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है. विपक्षी दलों ने पहले इस कांड को लेकर और अब बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा है.

संजय राउत का महाराष्ट्र सरकार पर हमला

ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने मुंबई की एक घटना का जिक्र किया. दो दिन पहले मुंबई में चलती लोकल ट्रेन में 40 साल के करीब शेखनामक ने 20 साल की लड़की का यौन शोषण किया था. पुलिस ने इस बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है. हालांकि अजित पवार द्वारा इस

# विरोधियों की आवाज दबाने के लिए भाजपा के निशाने पर दक्षिणी राज्य! - शरद पवार

**मुंबई,** तमिलनाडु के ऊर्जा मंत्री वी. सैंथिल बालाजी के कार्यालय और अन्य स्थानों पर ईडी ने मंगलवार को छापेमारी की। इस कार्रवाई का विरोधी दलों के नेताओं ने निषेध किया है। विरोधी दलों की आवाज को दबाने के लिए भाजपा ने अब दक्षिणी राज्यों की तरफ अपना टारगेट किया है, ऐसी टिप्पणी करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने मोदी सरकार पर जोरदार निशाना साधा।



विरोधी दलों के नेताओं और मंत्रियों पर ईडी की कार्रवाई का प्रमाण बढ़ गया है। तमिलनाडु के ऊर्जा मंत्री के कार्यालय पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी का निषेध है, ऐसा ट्विट शरद पवार ने किया है। केंद्र सरकार के विरोध में उठ रही विरोधी दलों की आवाज को दबाने का प्रयास ईडी के माध्यम से किया जा रहा है। केंद्र सरकार के विरोध में उठ रही आवाज को दबाने के उद्देश से ईडी अब दक्षिण के राज्यों में पहुंच गई है, ऐसी टिप्पणी पवार ने की है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईडी की इस कार्रवाई का विरोध किया है। विरोधियों को धमकाने का भाजपा का यह प्रयास सफल नहीं होगा, ऐसा खरगे ने कहा। विरोधियों को धमकाने और तकलीफ देने के लिए भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग शुरू है।

राजनीतिक बदले की भावना से भाजपा अंधी होकर काम कर रही है, जिसके कारण लोकतंत्र की अपूरणीय क्षति हो रही है, ऐसी टिप्पणी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने की है।

## श्रीमती सविता पंकज मोदी को जबलपुर मंडल मध्यप्रदेश संवाददाता पद पर नियुक्त किया जाता है



प्रिय पाठकों हमें आप को यह सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि श्रीमती सविता मोदी को हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर कि निःशुल्क जबलपुर मंडल, मध्यप्रदेश संवाददाता पद पर नियुक्त किया जा रहा है। आप सभी से सविनय आग्रह है कि मोदी को खबरें और विज्ञापन के लिए यथासंभव सहयोग करें। सविता जी पत्रकारिता के लिए आपकी असाधारण कौशल, अनुभव और जुनून ने आपको इस भूमिका के लिए हमारे अखबार का एक आदर्श सहयोगी बनाया। हमारा दृढ़ विश्वास है कि आप की विशेषज्ञता हमारे पाठकों तक सटीक और प्रभावशाली समाचार पहुंचाने के हमारे मिशन में बहुत योगदान देंगे। आशा है नैतिक पत्रकारिता की प्रथाओं का आप दृढ़ता से पालन करेंगी,

**धन्यवाद!**

**छोटे लाल शर्मा**

**(प्रधान संपादक - कदम कदम पर)**

# मुंबई शहर में मंडराने लगा जल संकट, जलाशयों में सिर्फ 15.2 फीसदी पानी

**मुंबई:** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को सात झीलों से पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन अब इस शहर पर जल संकट का खतरा मंडरा रहा है. दरअसल इन झीलों में महज 45 दिनों का ही पानी बचा हुआ है. इस वजह से मुंबई महानगरपालिका का भी टेंशन बढ़ गया है. महाराष्ट्र के अलग-अलग हिस्सों में लोग पानी की किल्लत का सामना कर रहे हैं. अब मुंबई पर भी जल संकट का खतरा मंडरा रहा है. मुंबई में नासिक, ठाणे, भिवंडी जैसे इलाकों की सात झीलों से पाइपलाइन- टनल के जरिए पानी सप्लाई होता है.



बीएमसी की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक झीलें बारिश के पानी पर निर्भर हैं. मुंबई को पानी देने वाले जलाशयों में 15.2% स्टॉक ही बचा है जो करीब 2.4 लाख मिलियन लीटर के बराबर है. इसमें से एक फीसदी पानी मुंबई में तीन दिनों के इस्तेमाल लायक होता है. बीते साल 15 जून 2022 को यह आंकड़ा 12.24% था, जबकि इसी तारीख में 2021 में स्टॉक 12.75% था. मुंबई में साल भर में 14,47,36.3 मिलियन लीटर पानी की जरूरत होती है. पिछले साल बारिश अच्छी हुई थी, और मुंबई को पानी देने वाले बांध लबालब भर गए थे. अक्टूबर के आखिर में बांधों में 97 प्रतिशत पानी था. लेकिन इस साल मानसून के आगमन में देरी ने चिंता बढ़ा दी है.

बीते साल 11 जून को मानसून ने मुंबई में दस्तक दे दी थी. वहीं इस साल भीषण गर्मी से कई जलाशयों में तेजी से पानी सूखने लगा है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) मुंबई की वैज्ञानिक सुषमा नायर बताती हैं कि चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के चलते मानसून में खलल पड़ा. अब 18 से 21 जून के बीच मानसून आने के संकेत हैं. सुषमा नायर ने कहा,ह्यह्यसाइक्लॉन पूरी हवा खींच लेता है. मानसून विंड पैटर्न पर निर्भर करता है. 18 से 21 जून के बीच मानसून आने की संभावना है. इस बार मानसून ठीक होगा, लेकिन महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में कम हो सकता है. झीलों के कैचमेंट एरिया में ज्यादा बारिश बीते साल की तरह होगी या नहीं, अभी कही नहीं जा सकता.ह्न्ह मुंबई को रोजाना 3800 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की आवश्यकता होती है. जलाशयों में जमा पानी पर ही मुंबई शहर निर्भर रहता है. हालांकि पानी की कटौती की फिलहाल कोई संभावना नहीं है, लेकिन जलापूर्ति की योजना इस आधार पर बनेगी कि जून और जुलाई में कितनी बारिश होती है.





# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा ठाणे स्टेशन

**मुंबई,** वर्तमान में ठाणे रेलवे स्टेशन पर जहां काफी भीड़ होती है, वहीं भीड़ की तुलना में रेलवे प्लेटफॉर्म बेहद छोटे हैं। भीड़ अधिक होने के कारण यात्रियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यात्रियों की इसी समस्या के समाधान के लिए ठाणे रेलवे स्टेशन का कायापलट करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद राजन विचारे पिछले कई वर्षों से ठाणे रेलवे स्टेशन की कायापलट करने की मांग कर रहे थे। आखिरकार, उनकी मेहनत रंग लाई और ठाणे रेलवे स्टेशन के कायापलट का काम शुरू कर दिया गया है। इस नए ठाणे रेलवे स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इतना ही नहीं, यात्रियों के लिए ठाणे रेलवे स्टेशन पर मॉल, शॉपिंग सेंटर की व्यवस्था होगी।

वर्तमान में ठाणे रेलवे स्टेशन पर मौजूद प्लेटफॉर्म से रोजाना ७ लाख यात्री यात्रा करते हैं। ठाणे शहर की जनसंख्या तेजी से बढ़ने की वजह से यात्रियों की भीड़ का भार ठाणे रेलवे स्टेशन पर पड़ रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, नया ठाणे रेलवे स्टेशन १० लाख यात्रियों का भार उठा सकता है।

ठाणे रेलवे स्टेशन पर बड़े प्लेटफॉर्म सहित ३ मंजिला इमारत का कार्य प्रस्तावित है, वहीं तीन मंजिला इमारत में यात्रियों के लिए शॉपिंग की व्यवस्था होगी। इन सभी कार्यों के लिए कुल ९८३ करोड़ रुपए की निधि मंजूर की गई है।



# नियम तोड़नेवाले वाहन चालकों से चुन-चुनकर जुर्माना वसूला जाएगा

**ठाणे,** ठाणे में ट्रैफिक पुलिस ने सिग्नल-सिग्नल पर फ्लैश डिप्लोइंग अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस फ्लैश डिप्लोइंग के माध्यम से नियम तोड़नेवाले वाहनचालकों से चुन-चुनकर जुर्माना वसूला जाएगा। लेकिन आम ठाणेकर सवाल कर रहे हैं कि जब जन-जन से जुर्माना वसूला जा रहा है तो सड़कों को क्यों सुधारा नहीं जा रहा? वहीं आम ठाणेकरों ने सरकार से सड़कों को सुधारने की मांग की है।

बता दें कि मुख्यमंत्री के ठाणे शहर में ठाणे मनपा और एमएमआरडीए द्वारा सड़क मरम्मत कार्य किया जा रहा है। ठाणे मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने सड़क मरम्मत करनेवाले ठेकेदारों को ३१ मई तक सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया था। ३१ मई को बीते अब १५ दिन हो चुके हैं, इसके बावजूद सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। ऐसे में आम ठाणेकरों को बरसात के मौसम में सड़क की खराब अवस्था के कारण अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। हाल ही में ठाणे मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने फिर से ठेकेदारों को नोटिस भेजकर ४८ घंटे के भीतर सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी है।

फ्लैश डिप्लोइंग ट्रैफिक पुलिस की स्पेशल टीम द्वारा की जानेवाली कार्रवाई है। इस कार्रवाई के तहत अचानक किसी भी चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों की स्पेशल टीम को भेजकर नियम तोड़नेवाले वाहनचालकों पर कार्रवाई की जाती है।

# संपादकीय



छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

## अशांत मणिपुर

मणिपुर में हिंसा का सिलसिला न थमना गंभीर चिंता की बात है। मणिपुर मे हिंसा जारी रहते हुए एक माह से अधिक का समय बीत गया है। इस हिंसा में सौ से अधिक लोग मारे गए हैं और 50 हजार से अधिक लोग बेघर हुए हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए यह कहना कठिन है कि अपना घर-बार छोड़ने को मजबूर लोग कब तक अपने घरों को लौट सकेंगे। यह आसान नहीं, क्योंकि ऐसे अधिकांश लोगों के घर जला दिए गए हैं। हालांकि पीड़ितों में मैती और कुकी, दोनों समुदाय के लोग हैं, लेकिन वे एक-दूसरे पर आरोप लगाकर खुद को निर्दोष बता रहे हैं। इससे बात बनने वाली नहीं है, क्योंकि सच यह है कि दोनों पक्षों की ओर से हिंसा की गई है। मणिपुर के अशांत-अस्थिर बने रहने का एक कारण म्यांमार के कुकी उग्रवादियों का राज्य में दखल भी है। इसे हर हाल में समाप्त करना होगा। यह ठीक नहीं कि राज्य और केंद्र सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी हिंसक तत्वों पर लगाम नहीं लग पा रही है। वे जिस तरह रह-रह कर हत्या और हिंसा करने में सक्षम हैं, उससे यही स्पष्ट होता है कि सुरक्षा बलों और सेना की तैनाती के बाद भी उनका दुस्साहस कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

यह सामान्य बात नहीं कि उग्रवादी सुरक्षा बलों पर भी हमला करने में हिचक नहीं रहे हैं। उन्होंने जिस तरह पुलिस के हथियार लूटे, वह दुस्साहस की पराकाष्ठा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कुछ लूटे गए हथियार वापस किए गए हैं, क्योंकि हिंसक तत्व अभी भी घातक हथियारों से लैस हैं। वास्तव में वे उन्हीं के बल पर हिंसक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। मणिपुर में कुकी और मैती समुदाय के बीच वैमनस्य किस हद तक बढ़ गया है, इसका पता इससे चलता है कि राज्यपाल की अध्यक्षता वाली शांति समिति के जरिये सद्भाव कायम करने के प्रयास भी सफल नहीं हो पा रहे हैं। कुकी समुदाय को इस पर आपत्ति है कि मुख्यमंत्री को शांति समिति में क्यों शामिल किया गया? आखिर राज्य के मुख्यमंत्री को शांति-सद्भाव कायम करने की किसी पहल से बाहर कैसे रखा जा सकता है? जो भी हो, शांति समिति में मुख्यमंत्री की भागीदारी का विरोध यही बताता है कि कुकी उन पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं।

इन स्थितियों में यह आवश्यक हो जाता है कि केंद्र सरकार राज्य में अपनी सक्रियता बढ़ाए। यह ठीक है कि केंद्रीय गृहमंत्री ने मणिपुर में तीन दिनों तक रहकर वहां के हालात काबू में करने की कोशिश की, लेकिन परिस्थितियां यही बयान कर रही हैं कि केंद्र सरकार को वहां और सक्रियता दिखाने की आवश्यकता है। मणिपुर में मैती और कुकी समुदाय के आपसी वैमनस्य को दूर करने के साथ ही उसके कारणों का निवारण भी किया जाना चाहिए, क्योंकि वहां रह-रहकर हालात बिगड़ते रहते हैं।

# 2024 के चुनाव का समीकरण बदल देंगे : शास्त्री

## संविधान प्रचार यात्रा ने राजनीतिक दलों की नींद उड़ाई

**सतना।** आज राजनेता मालामाल नौकरशाह खुशहाल और जनता फटेहाल है। पढ़ाई दवाई कमाई के लिए परेशान है जबकि संविधान में सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय पाने का अधिकार जनता को दिया गया है लेकिन आज पिछड़ा वर्ग एवं धार्मिक अल्पसंख्यक वर्ग के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री अधिकारी और कर्मचारी जाति के नाम पर अपमानित हो रहे हैं। उक्त आशय के विचार मध्यप्रदेश के सतना जिले में मौलिक अधिकार पार्टी के द्वारा निकाली गई संविधान प्रचार यात्रा के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए मौलिक अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी शास्त्री द्वारा व्यक्त किए गए। श्री शास्त्री ने कहा कि भारत की 105 करोड़ जनता हर महीने 5 किलो राशन के लिए दौड़ रही है। यदि संविधान का अनुच्छेद 39 (ग) वित्त और उत्पादन का वितरण अर्थात राष्ट्रीय आय से प्रतिमाह 12500 प्रत्येक मतदाता को प्राप्त होने लगे तो




गरीबों के नाम पर होने वाली राजनीत गरीबी रेखा सूची का नामोनिशान खत्म हो जाएगा किसी को राशन के लिए लाइन में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद हुए 75 वर्ष हो गए किंतु आज तक सरकारों ने संविधान के अनुसार जनता को अधिकार नहीं दिए। यही कारण है कि मौलिक अधिकार पार्टी को आज संविधान प्रचार यात्रा निकालकर देश की जनता को बताना पड़ रहा है कि सरकार गरीबी रेखा व किसान सम्मान जैसी ना जाने कितनी योजनाएं निकाल कर जनता को भ्रमित किए हुए है संविधान में दिए गए अधिकारों की ओर देखने नहीं दे रही।

श्री शास्त्री ने कहा कि देश की जनता ही इस देश की मालिक है लेकिन आज तक अंग्रेजों के बनाए कानून को लागू कर राजनेता और नौकरशाह जनता के माननीय बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान प्रचार यात्रा के माध्यम से हम आने वाले वर्ष 2024 के चुनाव का समीकरण बदल कर रख देंगे। श्री शास्त्री के मुताबिक संविधान प्रचार यात्रा ने सभी राजनीतिक दलों की नींद खराब कर दी है क्योंकि अब लोगों को पता चल रहा है कि सच्चाई क्या है।

# राकेश शेट्टी महाराष्ट्र कांग्रेस सेवादल के कार्याध्यक्ष नियुक्त



**मुंबई-** महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश शेट्टी को अ.भा.कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महाराष्ट्र कांग्रेस सेवादल का कार्याध्यक्ष नियुक्त किया है। राकेश शेट्टी की नियुक्ती पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.बाबुलाल सिंह,राजेश इंगले,साहब दयाल सिंह, महाराष्ट्र कांग्रेस उत्तर भारतीय सेल के महासचिव डॉ.सचिन सिंह,डॉ.आर. एम.पाल, दयाशंकर सिंह,सचिव बबीता गुप्ता,शरीफ खान (अध्यक्ष समता हाकर्स युनियन),सुनील जैन, अमरजीत कौर, अश्विनी पोचे,रमेश विश्वकर्मा,राकेश मिश्रा,पुष्पा साकरी, एड.कुंवर सिंह, अमित जायसवाल, सुनील पाटील, ने उनके नेताजी सुभाष रोड,मुलुंड प.पर स्थित कार्यालय पर जाकर पुष्प गुच्छ प्रदान कर बधाई दी।






जय सेन
जय बाबा री

जय मां नारायणी
रामराम

**प्रणाम / नमस्कार**

**सभी आदरणीय मान्यवर स्नेही, मित्र,रिश्तेदार,पदाधिकारी,सेन मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष, नारायणी सेना संगठन के सभी मान्यवर पदाधिकारी, भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय Ad पुखराज जी राठोड़ साहब, डॉ सुभाष जी माने साहब, ओंकारेष्वर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मोहनलाल जी चांगल साहब, सेन महिला मंडल के राष्ट्रीय पदाधिकारी सौ सरोज ताई तवर, वीकरमजी सेन, dhuvariya, राजस्थान, राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय भाई साहब, महाराष्ट्र के सभी मान्यवर पदाधिकारी, राजकीय, सामाजिक धार्मिक कार्य में सदैव अग्रसर आदरणीय धोंडिरामसिन्ह जी राजपुत, ठाकुर सर, सेन समाज के जेष्ठ मार्गदर्शक मेरे आदरणीय मार्गदर्शक बालासाहेब जी भाटी, राजेंद्र जी तवर, राजेन्द्र जी भाटी पत्रकार, गुरुदत्त भाटी, पुणे jilha अध्यक्ष दीपक जी, कार्याध्यक्ष योगेशजि, नागपुर सेन समाज के अध्यक्ष, मेरे आदरणीय मार्गदर्शक रमेशजी चांगल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ मेनेजर आदरणीय कमलेश जी चांगल साहब सौ अर्चना ताई कमलेशजी चांगल, मेरा भाई संतोष जी गोला, रवीजी हंस्वल, भतीजा प्रदेश सचिव, राजस्थान प्रभारी गोपाल lilde वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत जी doifode, प्रधान महा सचिव हर्षल पवार, आदरणीय मार्गदर्शक किशोर जी तवर साहब परिवार, मखाना परिवार rahta छापर वाल परिवार संभाजी नगर, मोहनलाल जी fuldale, नगर मनोज जी fuldale,नगर, महाराष्ट्र, एमपी इंदौर गुजरात चेन्नई हैदराबाद कर्नाटक, के सभी मान्यवर पदाधिकारी, वैजापूर, खंडाला, संभाजी नगर के सभी मान्यवर राजकीय, संघटना के स्नेही, सभी ने आज 17 जुन को मेरे विवाह वर्ष गांठ पर हार्दिक बधाई शुभकामनाए आशीष, दीए है सभी के हम ऋणी हैं, आपके आभार व्यक्त करने शब्द अपुरे होंगे।। आपका स्नेह आशीष yese ही रहें यहीं विनम्र प्रार्थना।।**

**आपके कृपाभिलाशी सौ लता अशोक पवार**
**अशोक लालचंद पवार**
**अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन,**
**खंडाला वैजापूर महाराष्ट्र**

---

**कुछ नाम लिखना भुल गया, उनका क्षमा प्रार्थी हूं, लिखते समय स्नेह से छाती भरके आई, आंखो में आनंदा अश्रु आने लगें।।**
**धन्यवाद् आदरणीय सभिका**

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

## व्यवहार

हमने देखा पत्थर को कटते
जल की अविरल धारों से
दुश्मन को जीतेगें अब
बस अब अपने व्यवहारों से ।
*******
अपशब्दों...से फटते कान
असहनीय पीड़ा होती
बची नहीं सभ्यता अब
मानव के व्यवहारों में ।
********
सत्य कहे किसे कैसे दिखाएं
मन दर्पण सद व्यवहारों का
हर अपना बेगाना बन गया
झूठो के गर्म बाजार में।
*******
पल पल जुल्म बड़ा हुआ
यहां शोषण और अत्याचारों का,
कैसे सजित हो धरती अब
रोज नयी समस्याओं का
*******
अपनो को कैसे जीते
हम अपनापन, समय, कर्म
सब कुछ दे दिए जिसको
यह बतलाओ फिर????
*******
फिर भी हमसे करे बेईमानी
कैसे मन दर्पण दिखलाएं
हम अहशसो का बंडल
जिसको वे अब भूल गए.........!!!
अपने व्यवहारों में............!!!!!!!
**********



**सविता मोदी**
**मंडला म.प्र.**

## शुभकामनाएं...



**सैन समाज शिक्षित प्रकोष्ठ मंच भारत के सबसे बड़े मैडिकल स्वर्ग AIIMS से EYE विशेषज्ञ बनकर दिल्ली जैसे बड़े केंद्रशासित प्रदेश में अपनी सेवाएं दे रहे अपने डाक्टर सिध्दार्थ सैन जी, बड़े गौरव का विषय है. आपसे प्रेरित होकर आपके ही घर से 7 डॉक्टर और बने आपको बहुत बहुत शुभकामनाएं....**

**कदम कदम पर**
परिवार की तरफ से हार्दिक शुभेच्छा!

# मुंबई लोकल ट्रेन में छात्रा का यौन उत्पीड़न, आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई में एक व्यक्ति को सेंट्रल लाइन पर चलती लोकल ट्रेन में एक छात्रा का यौन उत्पीड़न




करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह घटना बुधवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और मस्जिद स्टेशन के बीच उस समय हुई, जब छात्रा लोकल ट्रेन से अपने घर जा रही थी। अधिकारी के मुताबिक, छात्रा जब डिब्बे में अकेली थी, तब आरोपी ने कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया। उन्होंने बताया कि छात्रा की शिकायत के आधार पर सीएसएमटी रेलवे पुलिस थाना में उक्त व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-376 (दुष्कर्म) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी के अनुसार, राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की कई टीमों ने तकनीकी इनपुट पर काम करने के साथ ही निगरानी कैमरों में कैद फुटेज का विश्लेषण कर आरोपी का पता लगाया। उन्होंने बताया कि आरोपी को बुधवार रात

# तलोजा और नावडे के विकास पर सिडको खर्च करेगी इतने हजार करोड़ रुपए

**नवी मुंबई :** सिडको द्वारा तेजी से विकसित किए जा रहे खारघर नोड के बाद अब तलोजा और नावड़े नोड का विकास किया जाएगा। खारघर की तरह इस नोड को पॉश बनाने का काम किया जाएगा। इस नोड पर सिडको ने 17 हजार करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बनाई है। मिली जानकारी के अनुसार, इस नोड में सिडको कई नई परियोजनाएं भी शुरू करने वाली है। तलोजा और नावड़े नोड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घरों का निर्माण किया जाएगा। नावडे में ही सिडको मध्यमवर्गीय लोगों के लिए 25 हजार घरों का निर्माण करने की योजना तैयार की है। जानकारी के अनुसार, इस योजना पर जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा। सिडको के नए प्रबंध निदेशक अनिल डिग्गीकर ने उन्हों योजनाओं को आगे बढ़ाने की शुरूआत की जो प्रबंध निदेशक संजय मुखर्जी द्वारा तैयार की गयी




थी। नए प्रबंध निदेशक अनिल डिग्गीकर का कहना है कि तलोजा और नावडे में चरणबद्ध तरीके से काम किया जाएगा।

**सुविधाओं का अभाव**

गौरतलब है कि तलोजा नोड खारघर से एकदम लगा हुआ नोड है, किन्तु जिस तरीके से खारघर का विकास तेज गति से किया गया और वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया गया उस हिसाब से तलोजा का विकास नहीं किया गया। तलोजा के एक बड़े भू-भाग पर एमईडीसी परिसर भी है, जहां पर बड़ी संख्या में छोटी बड़ी कारखाने हैं। पिछले कुछ सालों में निजी भवन निर्माताओं ने तलोजा और नावडे में इमारतों का निर्माण तो किया है, लेकिन उन जहां पर इमारतों का निर्माण हुआ है उन क्षेत्रों में सुविधाओं का अभाव है जिसकी वजह से निजी भवन निमार्तो की कोई भी परियोजना सफल नहीं हो पा रही है। तलोजा परिसर में घरों कीमत कम होने के बावजूद लोग वहां जाने के लिए तैयार नहीं है।

**नावडे में पीएम आवास योजना के तहत घरों का निर्माण**

गौरतलब है कि सिडको ने भी नावडे में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घरों का निर्माण कर रही है इसके साथ-साथ इसी परिसर में मध्यमवर्गीय लोगों के लिए घर बनाने की योजना तैयार की है। सिडको द्वारा बनाए जाने वाले घर लोग फरीदे इसके लिए इस परिसर में सुविधा उपलब्ध कराने की योजना सिडको द्वारा

# चक्रवात 'बिपरजॉय' के मद्देनजर कुछ ट्रेनें हुई रद्द...!


**मुंबई :** पश्चिम रेलवे द्वारा गुजरात में 'बिपरजॉय' चक्रवात के मद्देनजर चक्रवात संभावित क्षेत्रों में एहतियाती उपाय के रूप में कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त, पश्चिम रेलवे द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इन संभावित क्षेत्रों में ट्रेन यात्रियों के लिए विविध संरक्षा और सुरक्षा सावधानियां भी बरती जा रही हैं।

मौजूदा नियमानुसार रिफंड स्वीकार्य होगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री सुमित ठाकुर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अब 23 ट्रेनों को निरस्त, 3 ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट तथा 7 ट्रेनों को शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। इसके साथ, चक्रवात बिपरजॉय के मद्देनजर यात्रियों और ट्रेन संचालन में सुरक्षा के संबंध में एहतियाती उपाय के तौर पर 99 ट्रेनों को निरस्त, 39 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट, जबकि 38 ट्रेनों को शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा।




# ज्वैलर्स की दुकान में हाथ चालाकी से आभूषण चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, लाखों का माल जप्त

**वसई।** आभूषण की दुकान में सोना खरीदने का झांसा देकर सोनार से बात करते करते हाथ चालाकी कर सोने के आभूषण चुराने वाले आरोपी को विरार पुलिस की क्राइम डिटेक्शन टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इनकी गिरफ्तारी से 6 अपराधों का खुलासा हुआ है 6 लाख से अधिक का माल जप्त किया गया है। यह कार्रवाई परिमंडल 3 डीसीपी सुहास बावचे व एसीपी रामचंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में विरार थाने के सीनियर पी.आई राजेन्द्र कांबले व पो.नि. दिलीप राख (गुन्हे) के नेतृत्व क्राइम डिटेक्शन पो.उप. नि. संदेश राणे की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने बुधवार को दी है।पुलिस ने



बताया कि 1 जून को शिकायतकर्ता मोहन भगवान ओझा (47) जब वह अपनी वैभव ज्वेलर्स की दुकान, विरार पूर्व में था तो एक अज्ञात महिला सोने के गहने खरीदने के बहाने उसकी दुकान में घुसी और शिकायतकर्ता को बातचीत में उलझाकर सोने के गहने चुरा ले गई। इस मामले में मोहन ने विरार थाने में शिकायत दर्ज करवाया था जिसमे पुलिस ने आरोपी के ऊपर कलम 380,34 के तहत केस दर्ज किया था।पुलिस ने बताया कि उक्त अपराध के खुलासे के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देश एवं मार्गदर्शन के अनुसार विरार थाना क्राइम डिटेक्शन टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लगभग 50 से 55 स्थानों के सीसीटीवी की जांच की है, फुटेज देखने के बाद आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के लिए वाहन का इस्तेमाल किया।उसके बाद सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी के मुताबिक व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी बालकृष्ण ज्ञानेश्वर गायकवाड व महिला आरोपी ज्योती जसवंत सोलंकी को ठाणे के अंबरनाथ से हिरासत

# 2 शातिर चोर गिरफ्तार



**वसई :** विरार पुलिस की क्राइम डिटेक्शन टीम ने सोना खरीदने का झांसा देकर दुकानदार से बात कर आभूषण चुराने वाले दो आरोपी को ठाणे जिला से गिरफ्तार किया हैं। आरोपियों के गिरफ्तारी से 6 अपराधों का खुलासा हुआ हैं। यह कार्रवाई परिमंडल 3 डीसीपी सुहास बावचे व एसीपी रामचंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में विरार पुलिस स्टेशन के सीनियर पी. आई राजेन्द्र कांबले व पो.नि. दिलीप राख के नेतृत्व क्राइम डिटेबशन पो. उप.नि. संदेश राणे की टीम ने की है। पुलिस ने बताया कि 1 जून को विरार पूर्व के वैभव ज्वेलर्स नामक दुकान में शिकायतकर्ता मोहन भगवान ओझा (47) मौजूद था। उसी दोरान एक अज्ञात महिला सोने के गहने खरीदने के बहाने दुकान में घुसी और ओझा को बातचीत में उलझाकर सोने के गहने चुरा कर फरार हो गई थी।

## मनपा पी दक्षिण विभाग के प्रभारी आयुक्त राजेश

# पांच एकड जमीनपर फिल्म स्टुडियो के लिए संजय गर्ग और केजरीवाल ने किया अवैध निर्माण

**मुंबई :** मुंबई में खाली जमीन पर अब अवैध निर्माण करना होवा आसान, बस आप की जेब में पैसा होना चाहिए मुंबई मे आम आदमी अपना घर बनाने के लिए एक विट भी लगता है तो मुंबई महानगरपालिका के आला अधिकारी उसे टोड कर उस आम आदमी के सपने चुर चुर कर देते हैं, इसी मुंबई के गोरेगांव ईस्ट आरे कॉलोनी रोयल पाल्मस पम्प होटल के पास में एक ऐसा मामला सामने आया है यहां पर संजय गांग और केजरीवाल ने मुंबई महानगरपालिका के नियम को ताक पर रख कर सन २०२१ में कोरोना कोवीड १९ के दौर में महानगरपालिका पी दक्षिण विभाग के सहायक आयुक्त और ईमारत विभाग के सहायक






अभियंता पद निर्देशित अधिकारी के बल पर अंदाजे पांच एकड़ खाली जमीन पर बीस हजार चौ फुट के पांच गोडाउन जीस की उंचाई ६० फिट के करीब है फिल्म स्टूडियो के लिए अवैध तरीके से निर्माण कर इसे किराय पर दिया है, सुत्रो से मीली जानकारी के अनुसार स्टूडियो का अवैध निर्माण करवाने के लिए मनपा पी दक्षिण ईमारत विभाग के अधिकारि और सहायक आयुक्त को संजय गग और केजरीवाल ने करोड़ों रुपए प्रदान किए हैं, अंधेरी वेस्ट लिंक रोड पर एक ऐसे ही स्टोडीयो में हादसा होने से एक मजदूर की जगह पर मौत हो गई थी, आप को बता दे की मुंबई महानगरपालिका द्वारा झोपड़पट्टी का निर्माण करने के लिए १४ फिट उंची से ज्यादा अनुमती नहीं दी जाती।

## सर्वेश्वरी शिशु विकास विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में वित्तविहीन प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूल एकता संघ का बैठक



**वाराणसी ।** बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी जनपद के सेवापुरी ब्लाक में पुरन्दरपुर ग्राम में स्थित सर्वेश्वरी शिशु विकास विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में वित्तविहीन प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूल एकता संघ का बैठक किया गया । संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजय कुमार शर्मा ने समस्त छात्रों के सर्वांगीण विकास ,शुल्क प्रतिपूर्ति , शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए मानदेय, विद्यालय के नवीनीकरण आदि की समस्याओं निजात दिलाने के लिए शासन प्रशासन को पत्र के माध्यम से अपनी को रखने का विचार किया और प्रदेश स्तर पर प्राइवेट स्कूलों के गठन का कार्य शुरू किया है। जिले और प्रदेश के पदाधिकारियों गठन किया। गठन में नवनिर्वाचित पदाधिकारी निम्नलिखित हैं।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री राजेश कुमार ,वाराणसी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अनिरुद्ध पटेल जालौन, प्रदेश सचिव श्री हरि राम, आजमगढ़, जिला अध्यक्ष श्रीराम सजीवन पाल, भदोही, जिलाध्यक्षश्रीविनय सिंह ,आजमगढ़, जिला अध्यक्ष श्री अजय प्रताप मल्ल, देवरिया, प्रदेश महामंत्री श्री राजेंद्र प्रसाद केसरी, वाराणसी।

जिला महामंत्री श्री राम नरेश यादव ,वाराणसी ।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश शिक्षा का 20 %सरकारी विद्यालय में, 20%छात्र कॉन्वेंट और पूजी पतियों के विद्यालय में और 60%छात्र/छात्राएं दलित विद्यालय में अध्ययन करते हैं। सभी प्रबंधक ने अपनी को रखा। गठन के दौरान मौके पर , जय प्रकाश यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अरविंद पटेल प्रदेश अध्यक्ष, बिशु बरनवाल ,सोनी वर्मा, नीलू वर्मा प्रधानाध्यपक डी डी सी एल कांवेंट स्कूल, सतीश कुमार सिंह,लव कुश शर्मा, प्रबंधक जेपी पब्लिक स्कूल देइपुर, अनिल कुमार पटेल ,प्रबंधक आर 0एन 0जूनियर हाई स्कूल अदमा, पुनीत कुमार पांडेय ,प्रबंधक मां शांति विद्यालय झबरा , अवधेश कुमार पटेल ,प्रबंधक डिस्कवरी पब्लिक स्कूल करधना , शिव शंकर यादव,सुनील सोनकर राष्ट्रीय महामंत्री,शुशील कुमार किसान इंटर कॉलेज प्रवक्ता सरौनी,मनीष सिंह शिक्षक चंद्रप्रभा इंटरमीडिएट कॉलेज कपसेठी, हेमंत गुप्ता प्रबंधक आदर्श संस्कार विद्यालय करधना, ब्रिजेस, आदि विद्यालय के प्रबंधक उपस्थित रहे।

## मडियांहू के विधायक डॉ.आर.के.पटेल का मुंबई में सम्मान



**मुंबई-** जौनपुर जनपद के मडियांहू विधान सभा क्षेत्र के विधायक डॉ.आर.के.पटेल के मुंबई आगमन पर होटल ताज, सांताक्रूज पर वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबुलाल सिंह पटेल, डॉ.एस.आर.वर्मा, डॉ. आनंद सिंह (भवन निमार्ता), डॉ.सचिन सिंह (अध्यक्ष युवाब्रिगेड एसोसिएशन), अजय पटेल (महाराष्ट्र कूर्मि क्षत्रिय समाज),शरीफ खान (अध्यक्ष समता हॉकर्स युनियन, मुंबई),इ शर्दि रिजवी, राकेश पटेल, ओमप्रकाश मिश्रा,रशीद शेख ने शाल एवम पुष्प गुच्छ प्रदान कर विधायक जी का सत्कार एवम सम्मान किया। डॉ.आर.के.पटेल राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में हिस्सा लेने मुंबई आये थे।

# मौलिक अधिकार पार्टी द्वारा संविधान प्रचार यात्रा

मौलिक अधिकार पार्टी द्वारा संविधान प्रचार यात्रा दिनांक 10 जून से 25 जून 2023 तक उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जेपी शास्त्री जी के नेतृत्व में जनपद अयोध्या से प्रारंभ हुई है। संविधान प्रचार यात्रा का उद्देश्य देश की गूंगी -बहरी, संविधान विरोधी, पूंजीवादी, तानाशाही सरकार के विरोध में जनता की अदालत में जनता के हित में संवैधानिक अधिकारों को लागू न करने की गुहार लगाना तथा जनता के हितकारी संविधान के अनुच्छेदों को जनता के बीच बताना ।संविधान यात्रा टीम में माननीय जेपी शास्त्री जी के साथ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, प्रदेश महासचिव राम बहादुर शर्मा, सचिव अरविंद जायसवाल, मुख्य संगठन सचिव सुरेश बौद्ध, अयोध्या जिला अध्यक्ष जंग बहादुर कोरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र प्रसाद शर्मा, राष्ट्रीय मुख्य संगठन सचिव कुलदीप सिंह के अतिरिक्त बिहार प्रदेश में विनोद शर्मा व गौतम ठाकुर नंदवंशी, मध्यप्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष बीएल सेन, राम बिहारी विश्वकर्मा, बलराम सेन, मिथुन प्रजापति सम्मिलित रहे।



राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी शास्त्री जी ने सम्मानित मुल्क के मालिकों से अपील किया कि आज राजनेता मालामाल, नौकरशाह, खुशहाल जनता फटे हाल है पढ़ाई, दवाई और कमाई के लिए जनता परेशान है जबकि संक्षेप में संविधान क्या कहता है? देखें (1) प्रस्तावना में -सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय पाने की बात कही गई है ।लेकिन आज पिछड़ा वर्ग एवं धार्मिक अल्पसंख्यक वर्ग के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और कर्मचारी जाति के नाम पर अपमानित हो रहे हैं तथा देश के 105 करोड़ लोग 5 किलोग्राम राशन के लिए दौड़ रहे हैं ।अति पिछड़े वर्ग की जातियों की सत्ता में भागीदार राजनैतिक दल दाल में नमक की भांति नगण्य टिकट देते हैं। (2) संविधान का भाग 3 मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 12 से 35 तक)-अनुच्छेद 15 (4) सामाजिक 16(4) शैक्षणिक पिछड़ापन समापन के लिए अनुच्छेद 340- काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट 1958, मंडल आयोग रिपोर्ट 1980 द्वारा 52% अन्य पिछड़े वर्ग को मात्र 27% आरक्षण तब मिला जब सड़कों पर नारा लगा ह्लमंडल कमीशन रिपोर्ट लागू करो, वरना कुर्सी खाली करो।ह्व वहीं 8लाख सालाना आमदनी वाले सवर्णों के लिए एक दिन लोकसभा, दूसरे दिन राज्यसभा में सभी पार्टियों ने मिलकर प्रस्ताव पास करा कर तीसरे दिन राष्ट्रपति से हस्ताक्षर करा कर 10% सवर्ण आरक्षण संविधान संशोधन करके पास करा लिया ।जबकि संविधान में सवर्ण शब्द नहीं है इस प्रकार पिछड़े /अति पिछड़े वर्ग के हकों पर डाका डाला गया है।

(3) संविधान का भाग 4 राज्य के नीति निर्देशक तत्व( अनुच्छेद 36 से 51 तक )।संविधान इन्हें अनुच्छेद 35 द्वारा अदालत को हस्तक्षेप करने से रोकता है। अनुच्छेद 38 से- सरकार को लागू करने का आदेश देता है-( !) अनु0 39 क- सभी महिला पुरुष को जीविका के पर्याप्त रोजगार सरकार उपलब्ध कराएं। अनु0 39ख-प्राकृतिक संपदा हो जल, जंगल, जमीन का बंटवारा हो। अनु039ग-वित्त और उत्पादन का वितरण अर्थात राष्ट्रीय आय प्रतिमाह प्रति व्यक्ति 12500 /-रुपए प्रत्येक मतदाता के खाते में जाए। अनु039घ-समान कार्यह्ल समान वेतन ह्यसमान कार्य के लिए घंटे समान ह्यसेवा शर्तें प्राप्त करने का अधिकार है। अनु0 39ड.- कर्मकार (श्रमिक) ह्यसुकुमार का पूर्ण संरक्षण का आधार।

अनु0 45- 6से14 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा जिसे भाजपा सरकार ने 2002 में संशोधन करके जिम्मेदारी से हट गए हैं केवल 0 से 6 साल तक के बच्चों की लालन-पालन की जिम्मेदारी सरकार ने लिया है उसे बदलकर अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा लागू की जाए।




अनु 047 - पोषाहार और संपूर्ण चिकित्सा मुफ्त होगी। क्योंकि दवा के अभाव में आज गरीब लोग मर रहे हैं। अनु050-कार्यपालिका और न्यायपालिका का बंटवारा हो।जिला मजिस्ट्रेट **(D.M.)** न्याय, जिला अधिकारी (**D.O.**) निरीक्षण, जिला कलेक्टर (**D.C.**) राजस्व वसूली। तीनों पद मंडल और तहसील स्तर पर अलग-अलग होंगे। कानून को न्याय पंचायत पर और न्याय लेखपाल पंचायत भवन पर बैठेंगे। होमगार्ड (घर का रखवाला )और चौकीदार ग्राम पंचायत भवन पर पहरा देंगे।

जनता के हित में मौलिक अधिकार पार्टी की चाहत -अनुच्छेद 39(क, ख, ग, घ, ड.), 45, 47, 50 पूरी तरह से लागू हो, मुकदमे का फैसला अनिवार्य रूप से 1 साल में हो, सांसद विधायक की पेंशन बंद हो, विकास कार्य संबंधित विभाग से कराए जाएं, वोटर शिप लागू हो, एमपी एमएलए के चुनाव में बीबीपेट से निकली हुई मतपर्ची मतदाता के हाथ में आए और वह उसे मत पेटिका में डालें। मत पर्ची की गिनती हो और ईवीएम मशीन की गणना से मिलान करके ही परिणाम घोषित हो। शिक्षा चिकित्सा जांच दवाइयां मुफ्त हो। इन्हीं संविधान की मुख्य अनुच्छेदों की जानकारी जेनेवा जनता के हित में आवश्यक चाहत जनता को पंपलेट के **माध्यम से व प्रेस वार्ता से बताया गया।**

संविधान प्रचार यात्रा के स्वागत में जिला प्रतापगढ़ की मौलिक अधिकार पार्टी की टीम व समर्थक जोगापुर से भंगवाचुंगी होकर अम्बेडकर चौराहे पर राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जेपी शास्त्री जी ने बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संबोधन के साथ प्रेस वार्ता की। प्रमुख स्वागताकांक्षी प्रतापगढ़ से डा0हरिपाल वर्मा, जिलाध्यक्ष विश्वास कुमार शर्मा, मण्डल अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार शर्मा, वंशपाल चौधरी, राम संजीवन प्रजापति, जगदेव प्रसाद प्रजापति, भरतव्यास शर्मा, रामकुमार शर्मा, राम चन्द्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, आयुष शर्मा, रमेश शर्मा, कृपाशंकर शर्मा, मुरली शर्मा आदि मौजूद रहे।



**आज 13/6/23 को मौलिक अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जे पी शास्त्री जी का अपने दल बल के साथ रीवा मध्य प्रदेश जाते समय मिर्जापुर में आगमन हुआ उनका अ क्टउएअ के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय रघुनाथ प्रसाद शर्मा नंद मिजार्पुर मण्डल अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा नंद मण्डल कोषाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शर्मा मिजार्पुर जिला अध्यक्ष लल्लू प्रसाद शर्मा नंद के द्वारा स्वागत किया गया। माननीय शास्त्री जी संविधान निमार्ता डॉक्टर अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आगे की यात्रा को निकल गएं.**

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com